दिनांक: 20.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

# प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्य विधानसभा में आज सरकारी भूमि पर अतिक्रमण और फर्जी आधार कार्ड के मुद्दे पर होगी चर्चा।
- आर.ए.एस. मेन्स की परीक्षा आज और कल–19 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी देंगे परीक्षा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज जयपुर में 'एक वृक्ष गौ मां के नाम' सघन वृक्षारोपण अभियान की करेंगे शुरूआत।
- महिला एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट में, भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया–भारत का अगला मुकाबला कल संयुक्त अरब अमीरात से।

000

राज्य विधानसभा में आज मारवाड़ जंक्शन के राजस्व गांव जोजावर के नक्शों में खसरों का स्थान परिवर्तित कर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण से उत्पन्न स्थिति के संबंध में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत चर्चा होगी। इसके अलावा पाकिस्तान के सीमावर्ती जिलों में संचालित आधार केन्द्रों द्वारा फर्ज़ी आधार कार्ड बनाए जाने से देश और प्रदेश की सुरक्षा पर संभावित खतरे के संबंध में गृह मंत्री का ध्यान आकर्षिक किया जाएगा।
विधानसभा में प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा विभिन्न विश्वविद्यालयों के वार्षिक प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखेंगे। इनमें जयपुर का हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जोधपुर स्थित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और बीकानेर का महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय शामिल हैं।
इसके अलावा उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और परिवहन से जुड़ी अनुदान मांगों पर भी विचार और मतदान होगा।
विधानसभा में आज प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं होगा।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आर.ए.एस. मेन्स की परीक्षा आज से शुरू हो रही है। परीक्षा आज और कल दो पारियों में सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक और दोपहर ढाई बजे से शाम साढे पांच तक होगी। पांच जिला मुख्यालयों अजमेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर में आयोजित की जा रही इस परीक्षा में 19 हजार 355 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। इनके लिए पांचों जिला मुख्यालयों पर कुल 70 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि गुरु के नाम मात्र से ही पवित्रता का एहसास होता है। उन्होंने कहा कि गुरु ही हमारे शिक्षक, मार्गदर्शक और सारथी होते हैं। श्री शर्मा कल जयपुर में आयोजित धर्म सम्मेलन और सत्संग कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरु–शिष्य परम्परा आत्मज्ञान की पूंजी को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का सबसे बेहतर माध्यम है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने राज्य के बजट में हर वर्ग और हर क्षेत्र का ध्यान रखा है, ताकि सभी की भागीदारी के साथ विकसित राजस्थान का संकल्प साकार हो सके।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज भरतपुर और डीग जिले के दौरे पर रहेंगे। श्री शर्मा दोपहर बाद पूछरी का लौठा पहुंचेंगे, जहां वे श्रीनाथजी की पूजा अर्चना करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री गोवर्धन परिक्रमा देने आ रहे भक्तों के लिए लगाए गए भंडारे तथा प्याऊ पर अपनी

सेवाएं देंगे। श्री शर्मा पूंछरी के गेस्ट हाउस से ही चीफ मिनिस्टर कॉन्क्लेव मीटिंग में वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से जुड़ेंगे। उनका रात में गेस्ट हाउस में ही रुकने का कार्यक्रम है। कल मुख्यमंत्री गुरुपूर्णिमा के अवसर पर वे भरतपुर के लुधावई हनुमान मंदिर में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज जयपुर में 'एक वृक्ष गौ मां के नाम' सघन वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत करेंगे। मुख्यमंत्री हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र में पौधरोपण कर इसका आगाज करेंगे। यह अभियान गोपालन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य और देवस्थान विभाग की ओर से चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में गौशाला क्षेत्र में 5 हजार 501 पौधे लगाए जाएंगे। इस दौरान देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत तथा गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम भी मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि इन विभागों द्वारा प्रदेशभर में 25 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

000

चूरू के भानीपुरा में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक कंटेनर से 30 क्विंटल से ज्यादा अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त छिलका जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 5 करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस की इस साल यह अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ 13वीं बड़ी कार्रवाई है।

000

महिला एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट में, भारत ने अपने पहले ग्रुप मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया है। श्रीलंका के दांबुला में खेले गए मैच में पाकिस्तान ने भारत को जीत के लिए 109 रन के लक्ष्य दिया था। जवाब में भारतीय टीम ने 7 विकेट और 35 गेंद शेष रहते ये जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम 19 ओवर और दो गेंद पर 108 रन पर सिमट गई। भारतीय सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा ने चालीस रन और स्मृति मंधाना ने 45 रन बनाए। वहीं दीप्ति शर्मा ने सिर्फ 20 रन देकर तीन विकेट लिए। दीप्ति शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत का अगला मुकाबला कल संयुक्त अरब अमीरात से होगा।

000

सातवें एशियन यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय के दो खिलाड़ियों का बास्केटबॉल खेल में भारतीय टीम में चयन हुआ। विश्वविद्यालय की खेल बोर्ड सचिव डॉ. प्रीति शर्मा ने बताया की महावीर और हरिराम चौधरी के लगातार अभ्यास की वजह से ही भारतीय टीम में इनका चयन हुआ है। विश्वविद्यालय की बॉस्केटबाल टीम के सहायक निदेशक ने बताया कि दोनों खिलाड़ी चीन के तेपई में इसी साल 2 से 7 सितम्बर तक होने वाले एशियन युनिवर्सिटी गेम्स में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

000

जैसलमेर के खाभा फोर्ट में फॉसिल्स पार्क और ओपन रॉक्स म्यूजियम बनाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने बजट में घोषणा की है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

..............

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जुलाई को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 112वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम के लिए श्रोता अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। इसके अलावा नमो एप और माय जी ओ वी ओपन फोरम के जरिये भी अपने विचार साझा कर सकते हैं।

000

केन्द्र सरकार ने अनाज दालों और तिलहन में नमी के स्तर को मापने वाले नमी मीटर के लिए मसौदा नियमों पर सभी हितधारकों के साथ चर्चा की है। केन्द्रीय उपभोक्ता मामलात विभाग की सचिव निधि खरे ने बताया कि नमी मीटर एक विशेष उपकरण है। इस उपकरण से नमी

के बारे में सटीक आंकड़े मिलते हैं। ये आंकड़े कृषि उत्पादों की गुणवत्ता और भण्डारण की उपयुक्तता की दृष्टि से महत्वपूर्ण होते हैं। नमी के स्तर को मापने के लिए किसान और व्यापारी कृषि उत्पादों का बेहतर संरक्षण कर सकते हैं। साथ ही इनके खराब होने के जोखिम को कम किया जा सकता है।

000

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दावा किया है कि रासायनिक खाद का इस्तेमाल किए बिना भी फसलों का उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। श्री चौहान ने लखनऊ में प्राकृतिक खेती विज्ञान पर क्षेत्रीय परामर्श कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार प्राकृतिक खेती के लिए अखिल भारतीय स्तर पर जागरूकता अभियान शुरू करेगी। श्री चौहान ने किसानों से प्राकृतिक खेती शुरू करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शुरुआती दो वर्षों में उत्पादन कम होने पर सरकार प्राकृतिक खेती के लिए पहले तीन वर्षों के लिए सब्सिडी देगी।

000